हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, रविवार 23 फरवरी 2025

14 छह माह बाद स्कूल सौंदर्यकरण प्रतियोगिता का...


14 मंडी से सरसों चोरी होने के विरोध में व्यापारियों...



27 years of Excellence in Education

RPS GROUP OF SCHOOLS
Under the aegis of RPS Education Society, M/Garh

Staying Ahead of the Curve
Elevating Success with Every Result

Celebrating outstanding JEE MAIN RESULT-2025 (Session-I)




99.5%ile & Above 22
98%ile & Above 86
95%ile & Above 171

SCHOLARSHIP cum ADMISSION TEST
Only for Class- XI (2025-26)
MED. /NON-MED. COMMERCE HUMANITIES
Sunday, 23rd March 2025
at 10:00AM @ All RPS Branches
Limited Seats



HARSHI, D/o Sh. YOGESH KUMAR, 99.986%ILE
CHHAVI YADAV, D/o Sh. PRADEEP YADAV, 99.91%ILE
PIYUSH, S/o Sh. NARENDER, 99.86%ILE
SUJAL, S/o Sh. SATPAL, 99.85%ILE
HARSHIT RAY, S/o Sh. SUBHRA PRAKASH, 99.80%ILE
PRANAV KUMAR, S/o Sh. CHHOTU RAM, 99.78%ILE
ISHAN AFRIA, S/o Sh. NARENDER KUMAR, 99.78%ILE
RHYTHM, S/o Sh. KAVINDER, 99.77%ILE
GUNADITYA SANDHU, S/o Sh. NITESH SANDHU, 99.77%ILE
DIVYANSHI TEWATIA, D/o Sh. DINESH TEWATIA, 99.77%ILE
PRIYANSHU, S/o Sh. DINESH KUMAR, 99.75%ILE



CHITVAN MOOL RAO, S/o Sh. PRADEEP YADAV, 99.75%ILE
KRISH, S/o Sh. AMIT KUMAR, 99.74%ILE
ANUJ, S/o Sh. RAMCHANDER, 99.69%ILE
YASHIKA, D/o Sh. MUKUT AGGARWAL, 99.60%ILE
LALIT, S/o Sh. SATISH KUMAR, 99.59%ILE
SUMEET PAHEL, S/o Sh. DEVENDER SINGH, 99.55%ILE
SHRUTI, D/o Sh. RAVINDER, 99.52%ILE
KRISH, S/o Sh. JITENDER, 99.52%ILE
KARTIK, S/o Sh. SUKARAM PAL, 99.52%ILE
MANYU YADAV, S/o Sh. RAVINDER YADAV, 99.51%ILE
DIVITYA GARG, S/o Sh. PARDEEP, 99.51%ILE



VANSH, S/o Sh. ASHOK KUMAR, 99.46%ILE
SHUBHAM VERMA, S/o Sh. GAURAV VERMA, 99.46%ILE
VIVAAN RAO, S/o Sh. LALIT KUMAR, 99.42%ILE
VINAY, S/o Sh. SURENDER, 99.42%ILE
SHREYANSH RAWAT, S/o Sh. SANJAY SINGH RAWAT, 99.38%ILE
LAKSHIKA, D/o Sh. ASHUTOSH, 99.38%ILE
ANUSHREE SHARMA, D/o Sh. SUNIL DUTT SHARMA, 99.37%ILE
DIVYAM, S/o Sh. ANIL KUMAR, 99.35%ILE
SIDDHARTH, S/o Sh. DHIR SINGH, 99.34%ILE
DEEPANSHU, S/o Sh. BHIM SINGH, 99.34%ILE
MANAS JHA, S/o Sh. AMRENDRA KR. JHA, 99.32%ILE
MANAV CHOUDHARY, S/o Sh. SANJAY CHOUDHARY, 99.29%ILE



GULSHAN KUMAR, S/o Sh. PAWAN SINGH, 99.29%ILE
ANKIT GAUTAM, S/o Sh. KULDEEP KUMAR, 99.29%ILE
NIKHIL, S/o Sh. OMPAL, 99.26%ILE
RIJUL, S/o Sh. RAJESH BATRA, 99.20%ILE
PRIYANSHU, S/o Sh. SUDESH, 99.19%ILE
MOHIT YADAV, S/o Sh. RAKESH KUMAR, 99.15%ILE
RENIT RAO, S/o Sh. VIKAS YADAV, 99.14%ILE
PRIYANSHU, S/o Sh. KARAN SINGH, 99.14%ILE
GAURAV SANGWAN, S/o Sh. PARTIPAL, 99.03%ILE
SAMARTH, S/o Sh. VINOD KR., 99.00%ILE
REETU YADAV, D/o Sh. PARMOD KUMAR, 99.00%ILE
HARMEET KHURANA, S/o Sh. SANJEEV KR., 99.00%ILE

HAND-HOLDING FOR A BRIGHTER FUTURE **DROPPER BATCH** INITIATED AT MAHENDERGARH FOR NEET /JEE ASPIRANTS

**Our Campuses:** Mahendergarh Ph.:01285-222645, 9416150201 | Rewari Ph.:8222000359 | Rewari City Ph.:9053555526 | Dharuhera Ph.:9467064534 | Kosli Ph.:9255148141 | Behror Ph.:9529678004 | Hansi Ph.:9813196969, 9896100407 | Narnaul Ph.: 8198976666 | Hisar Ph.:8307760465 | Gurugram Sec.-50 Ph.:8409989898, 7827466258 | Gurugram Sec.-89 Ph.:8222999182 | Karnal Ph.:8398000304/06 | Dharuhera Campus-2 Ph.: 01274-295 925/824, 09257133925 | Rohtak Ph.: 7419998800 | Dadri Ph.: 8222048283, 84 | Kanina Ph.9350693853, 9671720807 | Gurugram, Sec.-50, Rosewood Campus-2: Ph.: 70424 96986

Web.: www.rpsgroup.edu.in

Top-Notch Hostel Accommodation for Boys and Girls at M/GARH, KANINA, BEHROR, KOSLI & HANSI CAMPUSES

## खबर संक्षेप


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

### भाजपा ने महापुरुषों का बढ़ाया सम्मानः विधायक

**महेंद्रगढ़।** गांव सोहला स्थित बोहरा की ढाणी में करतार नाथ महाराज की मूर्ति स्थापना और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव रहे। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि ईश्वर से बड़ी संसार में कोई शक्ति नहीं है। हर व्यक्ति को ईश्वर की भक्ति में समय देना चाहिए। भाजपा सरकार ने महापुरुषों का सम्मान करके हर समाज के लोगों का मान बढ़ाया है। भाजपा भारतीय संस्कृति को मानने वाली पार्टी है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि जो हमारी संस्कृति, संतों और मंदिरों का सम्मान करते हैं और परंपराओं का स्वयं पालन करते हैं। ऐसे लोगों को आगे भी सत्ता में लाना है, ताकि हमारा देश का भविष्य और भी उज्ज्वल हो।

### महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

महेंद्रगढ़। गांव मालड़ा में आंगनबाड़ी केंद्र पर महिलाओं के कानूनी अधिकारों को लेकर एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्कल सुपरवाइजर अनिता कुमारी ने की। इस दौरान एडवोकेट योगेंद्र कुमार ने महिलाओं को उनके सुरक्षा अधिकारों और कानूनी सहायता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। एडवोकेट योगेंद्र कुमार ने बताया कि यदि महिलाओं को घर, कार्यस्थल या समाज में किसी भी प्रकार की हिंसा या प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है, तो वे कानून का सहारा ले सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर-181 और 1091 की जानकारी दी, जहां से वे किसी भी समय सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी वर्कर सावित्री, सरिता, सुशीला, शारदा और नगीना के साथ-साथ हेल्पर सुनीता और अन्य स्थानीय महिलाएं उपस्थित रही। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों से अवगत कराना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था।

### रघुनाथपुरा में मनाया गया विश्व चिंतन दिवस

**नारनौल।** केंद्रीय विद्यालय रघुनाथपुरा में विश्व चिंतन दिवस मनाया गया। विश्व चिंतन-दिवस स्काउट के जनक लॉर्ड बेडन पावेल तथा उनकी पत्नी ओलेव बेडेन पावेल के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। संपूर्ण विश्व में इस दिन गर्ल्स गाइड्स को स्काउट आंदोलन से जोड़ा जाता है तथा स्काउट के आदर्शों के विषय में बताया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य द्वारा बेडेन पावेल की तस्वीर पर मल्यार्पण करके किया गया, तत्पश्चात विद्यालय के स्काउट प्रभारी उमाशंकर पंवार द्वारा बेडेन पावेल तथा उनकी पत्नी के जीवन पर व्याख्यान दिया गया।

## यदुवंशी कॉलेज में पुरस्कार सम्मान समारोह का किया गया भव्य आयोजन

# टॉप-10 सूची में स्थान पाने वाले छात्र सम्मानित

■ यदुवंशी कॉलेज प्रबंधन समिति द्वारा मेधवियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़।


महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

यदुवंशी कॉलेज में पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियां के लिए सम्मानित किया गया। इस समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद मां सरस्वती वंदना का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता संस्था चेयरमैन पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने की, जबकि समारोह के मुख्यातिथि डॉ. राजीव यादव, डॉ. मन्नू यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, डॉ. प्रदीप यादव, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरुभान उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों जिन्होंने विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, उनको और उनके अभिभावकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

डॉ. राजीव यादव ने कहा कि यदुवंशी संस्था चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने यदुवंशी संस्था को उत्कर्षता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया उनके बारे में कुछ शब्द कहना उनके लिए सौभाग्य की बात है। राव बहादुर सिंह संस्था के अध्यक्ष नहीं है, बल्कि ऐसी प्रेरणा स्त्रोत है जिनके नेतृत्व में इस यदुवंशी संस्था ने लगातार सफलता की नई ऊंचाइयां हासिल की है। डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने कहा यह समारोह उत्साह, ऊर्जा और प्रेरणा से भरा रहा। हमने विविध संस्कृति एक प्रस्तुतियां शैक्षणिक पुरस्कार, खेलकूद के नतीजे और प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से अपने कॉलेज के गौरवशाली इतिहास में एक और अध्याय जोड़ा है। हमारे प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी कला और कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। डायरेक्टर राजेंद्र यादव ने बताया कि यदुवंशी स्टाफ की खुशी तब और भी बढ़ गई जब हमारे विशेष अतिथि डॉ. राजीव यादव, मन्नू यादव ने अपने विचार साझा किया, उनके प्रेरणादायक शब्दों ने हमें नए केवल शिक्षित किया बल्कि हमने आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। राव बहादुर सिंह ने मुख्यातिथि, शिक्षक, अभिभावकों को आयोजन समिति और सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

## सूरज कॉलेज की छात्रा उमंग ने विश्वविद्यालय में पाया तीसरा स्थान


उमंग।


अनुराधा।


सचिन।

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा स्नातक स्तर की परीक्षाओं में तृतीय सेमेस्टर के परिणाम में सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। बीएससी मेडिकल की तृतीय सेमेस्टर की छात्रा उमंग पुत्री विजय सिंह ने 90.20 प्रतिशत अंक लेकर विश्वविद्यालय में तीसरा एवं पूरे कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कोर्स की छात्रा तन्नु पुत्री कृष्ण कुमार ने 84.20 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज में द्वितीय एवं आरती पुत्री रविंद्र कुमार 78.80 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी कोर्स की छात्रा रितु पुत्री कृष्ण कुमार ने 75.60 प्रतिशत, मोनिका पुत्री संजय ने 73.80 प्रतिशत, प्रशांत कौशिक पुत्र दर्शन कौशिक ने 73.40 प्रतिशत, प्राची पुत्री सूरत सिंह ने 73.40 प्रतिशत, एमएससी रसायन विज्ञान तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अनुराधा पुत्री नरेंद्र ने 8.64 एसजीपीए के सर्वाधिक अंक हासिल किए। इसी क्रम में सचिन पुत्र संजीव कुमार ने 8.39 एसजीपीए, पूनम पुत्री रतन कुमार ने 8.29 ए स जी पी ए , मनीषा पुत्री हनुमान ने 8.14 एसजीपीए, प्रीति पुत्री अशोक कुमार ने 8.11 एसजीपीए, शीतल पुत्री इंद्राज सिंह ने 8.11 एसजीपीए, दिव्या कुमारी पुत्री संजय कुमार ने 8.11 एसजीपीए, कोमल पुत्री सुरेंद्र शर्मा ने 7.96 एसजीपीए, वंदना पुत्री बिजेंद्र सिंह ने 7.82 एसजीपीए, पूजा पुत्री सतीश कुमार ने 7.39 एसजीपीए अंक प्राप्त किए। वहीं कॉलेज के अधिकांश विद्यार्थी प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण होने में सफल रहे। कॉलेज प्राचार्य डा. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।



### मैथ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**नारनौल।** राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर में प्रत्येक माह में होने वाली आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में की प्रतियोगिताओं में इस माह की मैथ प्रश्नोतरी का आयोजन शनिवार को करवाया गया। विद्यालय सचिव कुबेर सिंह ने बताया कि मैथ प्रतियोगिता का आयोजन इन्टर हाउस करवाया गया है। इस प्रतियोगिता में चार हाउस सुभाष, तुलाराम, शिवाजी, महाराणा प्रताप के कक्षा चैथी से बारहवी के विधार्थीयों की टीमों ने लिया। कड़े मुकाबले के बीच शिवाजी हाउस के महक पुत्री प्रदीप रामचन्दपुरा कक्षा चौथी, प्रियंका पुत्री सुनील कक्षा आठवीं ताजपुर व रोहित पुत्र नरेश खारीवाड़ा कक्षा ग्यारहवीं ने बाजी मारी। साथ ही उन्होंने बताया कि यह परिणाम बच्चों व उनके इंचाजों की मेहनत का फल है और इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थीयों में प्रतिस्पर्धा की भावना में वृद्धि होती है। इस मौके पर विधालय स्टाफ उपस्थित रहे।



### जल संरक्षण करना हम सब की जिम्मेदारीः बीआरसी

नारनौल। जल संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह वक्तव्य खंड संसाधन संयोजक निशू ने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलेड़ा में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा आयोजित विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम के दौरान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के मुख्याध्यापक पंकज गौड़ ने की। जल जागरूकता कार्यक्रम में खंड संसाधन संयोजक निशू ने जल जीवन मिशन, जल संरक्षण, व्यवहार परिवर्तन सम्प्रेषण, दूषित जल से होने वाली बीमारियां जैसे-डायरिया, त्वचा का संक्रमण, पेयजल की गुणवत्ता आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमें जल संसाधनों का अंधाधुंध दोहन नहीं करना चाहिए। उन्होंने जल संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कार्यक्रम जन भागीदारी से ही सफल हो सकता है। खंड संसाधन संयोजक ने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों जैसे जल संसाधनों, पेड़-पौधों व पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के विद्यार्थी और राकेश कुमार, मनोज कुमार, रवि कुमार, मुनीशा आदि उपस्थित रहे। इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि हमें ध्यान रखना चाहिए कि हमारे जल स्त्रोत से 10 मीटर की परिधि में कोई कूड़ा-कचरा, गोबर और गंदा पानी एकत्रित न हो।

### अध्यक्ष के साथ गाली गलोच व जान से मारने की मिली धमकी

नारनौल। जिला महेंद्रगढ़ की सभी पंचायत समितियों की अध्यक्षा के साथ गाली गलोच करने व उसको जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पंचायत समिति अध्यक्षा ने नांगल चौधरी थाना में शिकायत दी है, समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था। पंचायत समिति अध्यक्षा का कहना है कि अगर पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया तो सोमवार को जिला की सभी पंचायत समितियों के अध्यक्ष व सरपंच एसपी से मिलेंगे। दूसरी ओर पंचायत समिति अध्यक्षा पर मामला दर्ज नहीं किए जाने का मैसेज सोशल मीडिया में भी वायरल हो रहा है। नांगल चौधरी पंचायत समिति की महिला चेयरपर्सन धोली यादव जिला महेंद्रगढ़ की सभी पंचायत समितियों की भी अध्यक्ष हैं।

## सतनाली-लोहारु मार्ग पर बसों की कमी दूर करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज सतनाली मंडी


सतनाली। सतनाली बस अड्डा इंचार्ज को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी सदस्य।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई सतनाली ने सतनाली-लोहारु मार्ग पर बसों की कमी दूर करने की मांग को लेकर महाप्रबंधक नारनौल के नाम सतनाली बस अड्डा इंचार्ज को ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महेन्द्रगढ़ के जिला संयोजक कमल रोहिल्ला के नेतृत्व में अड्डा इंचार्ज विकास कुमार को जीएम नारनौल के नाम सौंपे ज्ञापन में मंजीत कुमार, रेखा, मंजू, पल्लवी, संजू, पूजा, अमन, विवेक सहित अनेक विद्यार्थियों ने बताया कि वे कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थानों में आने के लिए रोडवेज बसों में आवागमन करते हैं। इसके अलावा बस में अनेक कोचिंग सेन्टरों के छात्र व नौकरी करने वाले कर्मचारी व अन्य यात्री भी इस मार्ग पर यात्रा करते हैं। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि काफी समय से लोहारु से सुबह 8:20 व 10:50 बजे सतनाली आने वाली बस का संचालन पूर्ण रूप से बंद है जबकि अन्य बसों का संचालन भी सुबह के समय में सही नहीं हैं जिससे वे भारी परेशान है। इसके अलावा सतनाली से लोहारु के लिए सुबह 11:30 बजे व 1:30 बजे वाली बस का संचालन भी काफी समय से बंद हैं। उन्होंने बताया कि सतनाली-लोहारू मार्ग पर बसों के अनियमित संचालन से इस मार्ग के विद्यार्थियों व यात्री परेशान हैं। पढ़ाई के लिए दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थी बस की अनियमित संचालन के कारण शैक्षणिक संस्थानों में समय पर नहीं

### सीईओ जिला परिषद ने किया खातौली अहीर का दौरा

**नारनौल।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ने शनिवार नांगल चौधरी खण्ड के गांव खातौली अहीर में घरों से निकलकर स्कूल के पास व स्कूल के परिसर में इक्ठ्ठे हो रहे गन्दे पानी की समस्या का जायजा लिया। वहां पर मौजूद ग्रामीण व सरपंच से इस समस्या के समाधान के बारे में बातचीत की। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि ग्राम पंचायत गांव के आसपास पंचायती जमीन उपलब्ध करवाएं ताकि ग्रे वॉटर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के तहत इस समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा घरों में व्यक्तिगत सोखता गड्ढा व सामुदायिक सोखता गड्ढे बनवाएं जाएं ताकि घरों से निकलने वाले पानी का समाधान हो सके। इस मौके पर



### राजकीय विद्यालय सिहमा में छात्र विदाई समारोह आयोजित

**मंडी अटेली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिहमा में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षको ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समारोह की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य कृष्ण कुमार द्वारा की गई। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। वरिष्ठ शिक्षकों ने छात्रों को उनके भविष्य की योजनाओं के लिए मार्गदर्शन दिया और परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाए दी। इस दौरान विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। छात्रों ने विद्यालय में बिताए अपने यादगार पलों को साझा किया और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह के अंत में छात्रों को विदाई उपहार भेंट किए गए। अंत में विद्यालय प्राचार्य कृष्ण कुमार ने छात्र-छात्राओं को विदा करते समय उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं उन्हें सफलता का आशीष दिया। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों तक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों से लगाव होना लाजिमी है। विद्यालय ने अपनी जिम्मेदारियों और शिक्षक की भूमिका को हर लिहाज में पूरा करने का प्रयास किया है। इस मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता मनोज शर्मा, जितेंद्र, नरेंद्र, धर्मचंद, सरिता, प्रवेश, मधु, भीमसिंह, मनोज शास्त्री, धर्मेन्द्र, मनोज, अंजु व पुष्पा आदि मौजूद रहे।

## महर्षि दयानंद की 200वीं जन्मतिथि पर डीएवी स्कूल में किया सामूहिक हवन

हरिभूमि न्यूज नारनौल


नारनौल। हवन में हिस्सा लेते हुए।

एमएलएस डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को महर्षि दयानंद की 200वीं जन्म तिथि को स्कूल प्रागण में सामूहिक हवन यज करके महर्षि दयानंद के जीवन पर प्रकाश डाला उनके सत्यार्थ प्रकाश रचित ग्रन्थ पर जगराम आर्य ने अवगत करवाया। इस अवसर पर जगराम आर्य ने कहा कि महर्षि दयानंद ने इन किताबों की रचना की सत्यार्थ प्रकाश, रिग्वेदादिभाश, गोकरुना निधि, व्याहर भानु, आर्योदेशयारत्नामाला, यजुर्वेद, लाइट ऑफ़ ट्रुथ इत्यादि किताबे लिखी। महर्षि दयानंद का जन्म गुजरात के टंकारा में ब्राह्मण परिवार में हुआ। शिवरात्रि के दिन उनको एहसास हुआ कि घर में जिस शिव की पूजा कर रहे है, वो सच्चा शिव नहीं है तथा सच्चे शिव की तलाश में गुरु बिरजानंद दंडी के पास मथुरा में वेदों की शिक्षा ली। शिक्षा पूर्ण होने के बाद गुरु ने दक्षिणा के रूप में उनका जीवन मांगा तथा उन्होंने जीवन पर्यन्त समाज सेवा करने का बेड़ा उठाया। उस समय के राज घरानों में गए तथा भारत माता की आज़ादी के लिए राजाओं को लड़ने के लिए प्रेरित किया। तात्या टोपे, लक्ष्मी बाई, राव तुला राम इत्यादि रजा. उनके विचारों से प्रभावित होकर आज़ादी के 1857 के विद्रोह में कूद पड़े। इसके साथ ही समाज सुधार कार्य में देश को आंदोलित किया और आर्य समाज की 1875 में स्थापना की। महात्मा हंसराज, लाला लाजपत राय, स्वामी श्रधानंद उनसे प्रभावित होकर आज़ादी के आन्दोलन में तथा समाज सुधार में विशेष योगदान दिया। महात्मा हंसराज ने लाहोर में उनका वाख्यान सुना और आजीवन शिक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। आर्य समाज की संस्था आर्य एंग्लो वैदिक नाम से स्थापित की। आज हंसराज द्वारा स्थापित संस्थाओ की

## लड़की के कुआं पूजन पर नहीं लिया कोई दान-दहेज



**नारनौल।** केशव नगर निवासी पूर्व तहसीलदार लालाराम नाहर ने अपनी नवजात सुपौत्री यक्षिता का जन्मोत्सव व कुआं पूजन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। यहां उल्लेखनीय है कि लड़की के छूछक में कोई दान दहेज नहीं लिया गया। इतना ही नहीं, आयुष्मती यक्षिता के माता-पिता डॉ. रमन सिंह व गिरीश की शादी भी बिना किसी दहेज के ही सम्पन्न हुई थी। लड़की के दादा पूर्व तहसीलदार लालाराम नाहर ने कहा कि यक्षिता का कुआं पूजन इसलिए किया गया कि हम लड़का व लड़की में कोई भेद नहीं मानते। हम चाहते हैं कि समाज में इसका स्वस्थ संदेश जाए। सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के पदाधिकारियों द्वारा ऐसे आदर्श स्थापित करने वाले परिवार को संविधान की प्रति भेंटकर



### विज्ञान अंतर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**कनीना।** रामचंद्र पब्लिक स्कूल कनीना में अंतर सदन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीसरी से आठवीं तक के छात्रों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता चार भागों में हुई प्रथम एपीजे सदन, द्वितीय चंद्रशेखर सदन, तृतीय कल्पना चावला सदन व चतुर्थ सुभाषचंद्र बोस सदन ने भाग लिया। सुभाषचंद्र बोस सदन से छवि कक्षा आठवीं, सेनव्या कक्षा सातवीं से व आयुष कक्षा चौथी से प्रथम स्थान पर रहे। आरआरसीएम ग्रुप अध्यक्ष राव रोशनलाल ने बच्चों को विज्ञान के महत्व के बारे में बताया और इसी प्रकार प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बच्चों को उत्साहित किया और शुभकामनाएं दी। साथ ही कोआर्डिनेटर रितु यादव ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।


महेंद्रगढ़। पिच का उद्घाटन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## ज्ञानकोष-ए-ग्लोबल स्कूल में क्रिकेट पिच का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़

गांव खरखड़ा आकोदा स्थित ज्ञानकोष-ए-ग्लोबल स्कूल में क्रिकेट प्रैक्टिस पिच का उद्घाटन सीईओ राकेश कुमार व प्राचार्य रामनिवास यादव ने रिबन काटकर किया।

इस प्रैक्टिस पिच का निर्माण विद्यालय मैनेजमेंट ने विद्यालय के बच्चों द्वारा राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर किया गया। सीईओ राकेश कुमार ने बच्चों से कहा कि हमारे स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व योग के साथ-साथ क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में बच्चों की मांग पर विद्यालय में प्रैक्टिस क्रिकेट पिच का शुभारंभ किया गया, ताकि हमारे बच्चे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट में भागीदारी सुनिश्चित कर सके। प्राचार्य रामनिवास यादव ने बच्चों की क्रिकेट प्रैक्टिस पिच को पूरा करने के लिए विद्यालय मैनेजमेंट का धन्यवाद करते हुए बताया कि इस पिच पर खेलकर हमारे बच्चे क्रिकेट की शुरूआत प्रेक्टिस विद्यालय से करके राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को दिखा सकेंगे। खेल से बच्चों का शारीरिक, बल्कि बौद्धिक विकास भी हो पाएगा।

### हकेंवि के शोधकर्ताओ ने स्वयं सहायता समूहों को दिया प्रशिक्षण

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की शोध टीम ने स्थानीय बवानिया गांव में विटामिन-डी बायोफोर्टिफिकेशन तकनीक और कार्यात्मक खाद्य उत्पादों का विकास स्वास्थ्य, पोषण और आर्थिक सुरक्षा के लिए एसडीजी का लक्षित करना विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में डॉ. अनीता कुमारी, प्रो. सुरेंद्र सिंह व दीपिका ने स्वयं सहायकता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। यह प्रशिक्षण हरियाणा राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्त पोषित परियोजना हिपोविटामिनोसिस-डी के प्रबंधन के लिए विटामिन-डी समृद्ध कार्यात्मक खाद्य उत्पादों का विकासह्य के अंतर्गत आयोजित किया गया।

## जूनियर वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज नारनौल


नारनौल। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते नन्हें प्रतिभागी।

एमआर पब्लिक स्कूल मित्रपूरा में जूनियर वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से तीसरी कक्षा के छात्रों ने भाग लिया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्राधानाचार्या अनिता यादव ने रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्राधानाचार्या ने सभी छात्रों को खेल भावना व एक दूसरे का सहयोग कर खेलने की सलाह दी। सभी नन्हें मुन्नू ने खेलकूद का खूब आनंद उठाया। सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे और सभी प्रतियोगिता के लिए बिल्कुल तैयार दिखे। सभी छात्रों ने अपनी ओर से भरपूर मेहनत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कौन रेस कलेक्ट, द थिंग्स पिक, बलून रेस, फिल द कलर इन द बॉक्स, फांइड द फर्स्ट, बैलेंस रेस विद कॉर्न बॉक्स कलेक्ट, लेटर ऑफ योर नेम गेम, स्पाईडर रेस, अप-डाउन रेस, गौरिला रेस व रिले रेस आदि गेम खिलाए गए। सभी गेमों का आयोजन होने के बाद प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर छात्रों का चयन किया गया। प्रथम स्थान पर रूही, यशिवी, पीयूष, हार्दिक, कुंज, कीतिका, तनुज, निशव, कनक, माहिरा, रोनक, आरव, कियान व शिवानशी रहे। द्वितीय स्थान पर रूपा, रीया, देविका, आरव, हर्षित, दक्षित, भावी, भाविक रहे।

### सरपंच पति की गाड़ी पर अज्ञात युवाओं ने किया हमला

**नारनौल।** सरपंच के पति की गाड़ी पर अज्ञात युवाओं ने हमला कर दिया। युवाओं ने सरपंच के पति की गाड़ी के सारे शीशे तोड़ दिए। वहीं सरपंच पति ने आरोप लगाया है कि युवा उसकी गाड़ी से 40 हजार रुपये नकद भी चुरा ले गए। गांव भूषण कलां की सरपंच सविता यादव के पति राकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सत्य प्लाजा में आर्यभट्ट नाम से कोचिंग सेंटर खोला हुआ है। इस सेंटर पर राकेश कुमार रोजाना अपनी स्कारपियो एन गाड़ी से आते हैं। जिसके बाद वे अपनी गाड़ी को रोजाना कर्मचारी कालोनी के पास कांग्रेसी नेता सत्यपाल दहिया के मकान के नजदीक खड़ा करते हैं।

### अवैध पिस्टल रखने 3 आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों को अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, जिनके तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए नारनौल की पुलिस टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर निजामपुर क्षेत्र से एक आरोपित सचिन वासी खातौली अहीर को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस मामले में सीआईए टीम द्वारा अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाले दो आरोपितों दीपांशु वासी खातौली अहीर और कुलदीप वासी खातौली जाट को गिरफ्तार किया गया।

## अटेली में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज मंडी अटेली


मंडी अटेली। विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

राजकीय महाविद्यालय अटेली में चल रही दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। समापन पर जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी व प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय नारनौल डॉ. पूर्ण प्रभा मुख्य अतिथि के रूप से मौजूद रही। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश सैनी व समस्त स्टाफ सदस्यों ने मुख्य अतिथि स्वागत किया। इस मौके पर प्राचार्या पूर्ण प्रभा ने कहा कि वह मेहनत कर एक कैरियर के रूप में खेलों को चुन सकते हैं तथा राज्य, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए विद्यार्थी को दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ कड़ी मेहनत करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि खेलने से स्वास्थ्य अच्छा रहता रहता ही है, बल्कि दिमाग भी तंदुरुस्त रहता है। इस अवसर पर उन्होंने दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### सरस्वती बाल मंदिर में विदाई पार्टी आयोजित



**नारनौल।** शहर में पुल बाजार स्थित सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई पार्टी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, प्रबंधक लोकेश शर्मा और विद्यालय की प्राचार्या क्षमा पांडे उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पवन भारद्वाज ने कार्यक्रम में शिरकत की और अपने प्रेरणादायक शब्दों से कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई। उन्होंने छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह कार्यक्रम विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण और भावुक क्षण था, जिसमें उनके अध्याय के समापन के बाद उनके नए जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई।

## खबर संक्षेप

### 36 घंटे चली इनकम टैक्स की रेड, लौटी टीम

**नारनौल।** शहर में इनकम टैक्स की रेड करीब 36 घंटे चली है। रेड के बाद इनकम टैक्स अधिकारी घर व दुकान दोनों जगह से गाड़ियों में बैठकर चले गए। इस बीच रेड के बाद अधिकारी एक बार किलारोड पर भी रुके। जिसके बाद शहर में अन्य जगह रेड होने की भी चर्चाएं चली, मगर बाद में टीम वहां से भी चली गई। वहीं सुबह के समय जिस मकान में रेड की गई थी, वह मकान बंद भी दिखा। इनकम टैक्स पंचकूला की टीम ने गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे शहर के चीनी व घी के व्यापारी हितेष मदान के घर व दुकान पर रेड की थी। यह रेड करीब 36 घंटे चली। रेड के दौरान इनकम टैक्स के अधिकारी पांच गाड़ियों में आए थे। उनके साथ बीएसएफ के जवान भी थे। इनकम टैक्स के अधिकारियों ने दुकान व मकान में बंद करके कागजातों की जांच की। इस दौरान एक अधिकारी ने आफ कैमरा यह भी बताया था कि इस प्रकार की रेड देश में कई जगह चल रही है तथा यह एक बड़ी फर्म से जुड़ी हुई है।

रात को रवाना हुई टीम, कई तरह की चली चर्चाएं इनकम टैक्स के अधिकारियों की टीम रात को करीब नौ बजे पहले दुकान से निकली तथा वह किलारोड की तरफ गई। वहीं घर से निकली टीम भी किलारोड के पास दूसरी टीम का इंतजार कर रही थी। जिसके कारण दोनों टीमों की गाड़ियां एक जगह कई देर तक रुकी रही।

### महता चौक के पास कुटुंब पैलेस में कल रक्तदान कैंप

**नारनौल।** चौधरी हर प्रसाद चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से महता चौक स्थित कुटुंब पैलेस में 24 फरवरी को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश यादव होंगे। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर आईटीआई प्रिंसिपल विनोद खनगवाल सम्मिलित होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए गवर्नमेंट आईटीआई के अध्यक्ष सुरेशचंद चौधरी ने बताया कि रक्तदान महादान है। इसका कोई विकल्प नहीं है। इस शिविर में ज्यादा से ज्यादा आदमी अपना रक्त देकर सहयोग दें।

# खाटूधाम में लक्खी मेला : 5 हजार पुलिस कर्मी व 350 सीसीटीवी करेंगे निगरानी

- रींगस से खाटू जाने वाले रास्ते पर सिर्फ पैदल जत्थे की होंगे रवाना, वाहन रूट डायवर्ट
- सरकारी प्रोटोकॉल वाले वीआईपी को छोड़कर सभी के लिए वीआईपी दर्शन व्यवस्था पूरी तरह रहेगी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



खाटूश्याम जी

पड़ोसी राजस्थान के सीकर जिला में खाटूधाम में लक्खी मेला की तैयारियां जोरों पर है। यह मेला इसलिए भी खास है कि देश के हर हिस्से से आने वालों में महेंद्रगढ़ जिला से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु होंगे। महेंद्रगढ़ जिला के लोगों की आस्था लाखों की संख्या में है। वहां खाटूधाम में यह लक्खी मेला 28 फरवरी से आरम्भ होकर 11 मार्च तक चलेगा। ऐसे में इस समयावधि में जिला के बाजारों में भी ग्राहकों का आवागमन कम रहेगा। वहीं इस मेला के दौरान निशान लेकर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए जिला में सैकड़ों सेवा शिविर लगेंगे। इनकी शुरूआत भी हो गई है। इस बार मेले में खास बात यह है कि खाटू प्रशासन ने निशान (श्रीश्याम के निशान वाले कपड़े के साथ लगने वाला बांस का झंडा) की अधिकतम ऊंचाई आठ फीट निर्धारित की है। बर्बरीक जिन्हें खाटू श्याम से जाना जाता है। वे शक्तिशाली पांडव भीम के पोते और घटोत्कच्छ के पुत्र हैं। महाभारत काल से बाबा श्याम का संबंध है। धार्मिक मान्यता के अनुसार जब बर्बरीक से भगवान श्रीकृष्ण ने शीश मांगा था तो बर्बरीक ने पूरी रात्रि भजन किया और फाल्गुन माह के शुक्ल द्वादशी को स्नान कर सच्चे मन से पूजा की। इसके बाद बर्बरीक ने भगवान श्री कृष्ण को अपना शीश काटकर दे दिया। बर्बरीक के अंदर अपार शक्ति और क्षमता थी, जिससे प्रभावित होकर श्रीकृष्ण ने उन्हें कलियुग में अपने नाम से पूजे जाने का आशीर्वाद दिया था। मान्यता है कि इसी वजह से हर साल लक्खी मेला लगता है। मान्यता है यदि कोई श्रद्धालु फाल्गुन माह में बाबा खाटूश्याम के दर्शन कर माथा टेकने आता है तो बाबा श्याम प्रसन्न होकर उन श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी करते है। लक्खी मेला के दौरान खाटूधाम पूरी तरह से बाबा श्याम के रंग में रंगा होता है।

### ट्रेफिक व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

दर्शन व्यवस्था से लेकर ट्रेफिक रूट तक में कई बदलाव करते किए गए है। श्यामभक्तों को आसानी से दर्शन कराने के लिए क्यूआर कोड जारी किए जाएगा। वहीं रींगस से खाटू जाने वाले रास्ते पर केवल पैदल जत्थे चल सकेंगे। रींगस से खाटू तक कारपेट बिछाया जाएगा। धारा 144 के तहत रींगस रोड से ही डीजे बैन रहेगा। मंदिर तक पहुंचने के लिए रींगस से वाहनों को डायवर्ट किया जा रहा है। सीकर रींगस रोड पर मंडा मोड़ के आस पास छोटे वाहनों के लिए बड़ी पार्किंग विकसित की जाए रही है। वहीं 52 बीघा पार्किंग का इस्तेमाल सिर्फ मिनी बस को पार्किंग के लिए किया जाएगा। यहां अन्य वाहन नहीं आ सकेंगे।

### मेले की तैयारी में जुटा प्रशासन

इस बार यह लक्खी मेला 28 फरवरी से 11 मार्च तक लगेगा। इसकी तैयारी जारी है। अभी तक प्रशासन की ओर से कलेक्टर मुकुल शर्मा व एसपी भूवन भूषण यादव ने जो तैयारियों शुरू की है, उनके मुताबिक पांच हजार पुलिस कर्मी आठ आठ घंटे शिफ्ट में ड्यूटी संभालेंगे। मेला क्षेत्र में करीब 350 सीसीटीवी कैमरा लगाएंगे जा रहे है। इनके अलावा 16 ड्रोन कैमरों से भी नजर रखी जाएगी। इनकी मॉनिटरिंग के लिए चार सेंटर मेला मजिस्ट्रेट, मेला परिसर, कंट्रोल रूम खाटू और कंट्रोल रूम सीकर स्थापित किए गए है। यहीं नहीं, मोबाइल टावर नेटवर्क में कोई दिक्कत ना हो, इसको लेकर दो अस्थाई टावर लगाए गए है।

### यह की जा रही व्यवस्था

मंदिर के मुख्य द्वार पर करीब 150 कलाकारों द्वारा फूलों से तोरण द्वार बनाया जा रहा है। फूल दिल्ली से मंगवाएं गए है। इस बार आठ फीट निशान की ऊंचाई निर्धारित की गई है। मंदिर में कांच की बोतलों पर बैन रहेगा। कांटेदार गुलाब बेचने वालों पर भी कार्रवाई होगी।

## सीईटी परीक्षा के आवेदन फॉर्म जल्द, नहीं बन रहे जाति प्रमाण पत्र

# प्रमाण पत्र नहीं बनने से पिछड़े वर्ग की महिलाएं छूट से हो रहीं वंचित

- सीएससी केंद्रों के चक्कर काट रहे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** सीएससी सेंटर पर जाति प्रमाण पत्र बनवाने की जानकारी लेते नागरिक।

सरकार ने नागरिकों की सुविधा के लिए परिवार पहचान पत्र योजना लागू की। परिवार पहचान पत्र दस्तावेज में नागरिकों के परिवार की सभी जानकारी को सत्यापित करके सुरक्षित रखने का कार्य करता है। इस योजना में शामिल होने के बाद नागरिकों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ता है।

फिर भी नागरिकों को इस समय असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अपने राज्य की सीमाएं बहुत से अन्य राज्यों के साथ लगती है। इसलिए स्वाभाविक रूप से हरियाणा के लड़कों की शादी अन्य राज्यों के लड़कियों के साथ हो जाती है। अन्य राज्यों से आई हुई नई नवेली दुल्हन को हरियाणा में फैमिली आईडी में जोड़ने के लिए माता पिता का आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया है। यदि माता पिता जीवित नहीं है तो उनके डेथ सर्टिफिकेट अनिवार्य कर दिया गया है। उसके बाद ही वह हरियाणा परिवार पहचान पत्र आईडी में जुड़ सकती है। राज्य के काफी जिलों का लिंग अनुपात कम होने की वजह से उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिमी बंगाल, मध्य प्रदेश से बच्चों की शादी होना नार्मल बात है। अन्य राज्यों से दुल्हन आने के बाद हरियाणा निवास प्रमाण, जाति प्रमाण पत्र, ओबीसी सर्टिफिकेट, ईडब्ल्यूस सर्टिफिकेट जैसे अनेक दस्तावेज तैयार होने में परेशानी हो रही है। जानकारी के अनुसार जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए माता पिता की फैमिली आईडी होना जरुरी किया गया है। अन्य राज्यों में फैमिली आईडी योजना लागू नहीं होने की वजह से माता पिता की फैमिली आईडी उपलब्ध नहीं हो पाती है। इस तरह अन्य राज्यों से आई हुई महिलाओं का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है।

### मायका की फैमिली आईडी नहीं होने की वजह से नहीं बन रहे दस्तावेज

पूनम कुमारी ने बताया कि उसका मायका राजस्थान में है और ससुराल हरियाणा में है। जाति प्रमाण पत्र बनाते समय मायका की फैमिली आईडी मांगता है लेकिन राजस्थान में फैमिली आईडी नहीं होने की वजह से जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। सरकार अभी सीईटी के फॉर्म भरवाने की तैयारी में है जिससे उसे मजबूरन जनरल श्रेणी में आवेदन करना होगा जबकि वह पिछड़े वर्ग से आती है। सरकार द्वारा इस समस्या को गंभीरता से लेकर इसका समाधान करना चाहिए।

### पिछड़े वर्ग को भर्तियों में मिलती है छूट

भर्तियों में छूट लेने के लिए पिछड़े वर्ग जाति प्रमाण पत्र जरुरी होता है। यदि किसी पिछड़े वर्ग से संबंध रखने वाले नागरिक के पास जाति प्रमाण नहीं होने की अवस्था में उसको सामान्य वर्ग से ही भर्तियों में हिस्सा लेना होता है। जिससे उसको अपने वर्ग के अनुसार छूट नहीं मिल पाती है।

### परिवार पहचान पत्र हरियाणा में अनिवार्य किया

प्रदेश में नौकरी के फॉर्म, फसल पंजीकरण, विवाह पंजीकरण, मकान मरम्मत फॉर्म, पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र, हरियाणा निवास प्रमाण पत्र, इनकम प्रमाण पत्र, हरियाणा बोर्ड के डुप्लीकेट दस्तावेज, जाति प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूस सर्टिफिकेट, छात्रवृत्ति सहित अन्य आम जीवन के दस्तावेज परिवार पहचान पत्र से ही जारी किए जाते है। इसलिए राज्य में परिवार पहचान पत्र को अनिवार्य रूप में लागू किया गया है। यदि आपके पास फैमिली आईडी नहीं है तो आप हरियाणा राज्य की कोई भी स्कीम के लिए योग्य नहीं है।



**महेंद्रगढ़।** मौहल्ले का दौरा करते विधायक कंवर सिंह यादव।

# विधायक ने किया सैनीपुरा मौहल्ले का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- मोहल्लेवासियों की समस्याएं सुनकर दिया निपटाने का भरोसा

विधायक कंवर सिंह यादव ने शनिवार को शहर के मौहल्ला सैनीपुरा का दौरा किया। इस दौरान जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन प्रदीप यादव और अन्य अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। विधायक कंवर सिंह यादव ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ क्षेत्र में पानी भरने और सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का मौके पर जायजा लिया। विधायक ने अधिकारियों को पीने के पानी की समस्याओं को भी प्राथमिकता के साथ हल करने के निर्देश दिए, जिससे मोहल्ले के लोगों को कोई परेशानी नही आ सके। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। ताकि स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा और इस तरह की समस्याओं को शीघ्र सुलझाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। विधायक ने मोहल्ले के लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि पानी और सीवर लाइन की कोई भी समस्या आती है, वह बता सकते हैं। हमेशा आप लोगों के हित में रहकर हर कार्य कराए जाएगे। जिससे आप सभी को किसी प्रकार की समस्या का सामना नही करना पड़े। इस अवसर पर एसडीओ जीयाराम, पार्षद देवेंद्र सैनी, सीमा पार्षद, प्रदीप लावन वरिष्ठ भाजपा नेता, बनवारी मास्टर व भोली सैनी आदि मौजूद रहे।

# चिंतन दिवस के रूप में मनाया लार्ड बेडेन पावेल का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




**नारनौल।** कार्यक्रम चिंतन दिवस पर मौजूद अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

स्काउट संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल के जन्मदिवस पर शनिवार रेडक्रॉस कार्यालय में जिले के विभिन्न स्कूलों के कब बुलबुल, कब मास्टर, बुलबुल फ्लॉक लीडर द्वारा विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष सामरिया ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल के जन्मदिवस को हर वर्ष 22 फरवरी को विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस का मनाने का मुख्य उद्देश्य स्काउटिंग के मूल्यों को समाज में लागू कर सामुदायिक सेवा गतिविधियों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि बड़ों की आज्ञा मानते हुए अपने माता-पिता का प्रतिदिन सम्मान करें और प्रतिदिन एक भलाई का कार्य अवश्य करें। मुख्यातिथि ने कैंप के प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल पहनकर सम्मानित किया। डीओसी टेकचंद यादव ने कहा कि स्काउट गाइड और बुलबुल एक स्वयंसेवी संस्था है जो बच्चों और युवाओं को व्यक्तिगत विकास, समाज सेवा, और राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित करती है। यह संस्था विश्वभर में फैली हुई है और इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को स्काउटिंग के माध्यम से व्यक्तिगत विकास और समाज सेवा के लिए प्रेरित करना है। पवित्रा कुमारी, सतवीर सिंह, अगेंद्र कुमार व रचना ने कब बुलबुल की सभी प्रतिभागियों को कब प्रार्थना व कब बुलबुल नियम और कब बुलबुल प्रतिज्ञा करवाई। जिला रेडक्रॉस कार्यालय से डॉ एसपी सिंह ने सभी अतिथिगणों व प्रतिभागियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर कब मास्टर हंसराज, कर्मवीर यादव, पुष्पेंद्र सिंह, दिनेश कुमार तथा बुलबुल फ्लॉक लीडर पूनम, सरल, ममता, रचना, रेडक्रॉस संस्था से सुनील कुमार, अमित कुमार, अरुण कुमार व अन्य सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



**महेंद्रगढ़।** विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरआरसीएम पब्लिक स्कूल कनीना में यूओएलओ द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन आनलाइन स्वरूप में किया गया, जिसमें कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कनीना संस्था चेयरमैन रोशनलाल यादव ने कहा कि वर्तमान युग सूचना तकनीकी का युग है। इसलिए कन्वेथान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों द्वारा बच्चों में सूचना तकनीकी के कौशलों का विकास विद्यालय स्तर पर ही विकसित करने के लिए हमें आवश्यक कदम उठाने चाहिए, ताकि आने वाले समय में विद्यार्थी इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने में सफल हो सके। विद्यालय निर्देशक विपुल राव ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों को सूचना तकनीकी कृत्रिम बुद्धिमता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य हरिप्रकाश शर्मा ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दी।

# हकेंवि के समाजशास्त्र विभाग में करवाया गया स्पोर्टस-मीट

- विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने वाले विद्यार्थी शिक्षकों के साथ।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा विभागीय स्तर पर खेल दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में योगदान करते हैं, बल्कि नेतृत्व कौशल, टीमवर्क, अनुशासन और मानसिक लचीलापन विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक और सह-पाठयक्रम गतिविधियों के बीच संतुलन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. युधवीर ने बताया कि आयोजन में बैडमिंटन, एथलेटिक्स, रस्सा खींच, फुटबॉल, क्रिकेट और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इनमें विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। डॉ. युधवीर ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और कार्यक्रम के सफल संचालन को सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता में टीम-ए ने महिला बैडमिंटन डबल्स, वॉलीबॉल और रस्सा खींच में जीत हासिल की, जबकि टीम-बी ने पुरुष बैडमिंटन डबल्स, मिक्स डबल्स, क्रिकेट और पुरुष रिले में शानदार प्रदर्शन किया। व्यक्तिगत प्रदर्शन में, विकास और हिमांशी को क्रमश पुरुष और महिला श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त हुआ। डॉ. युधवीर ने कहा कि समाजशास्त्र विभाग विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में डॉ. टी लोंगकोई और तन्वी भाटी सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# विशेष योग में 26 को मनाई जाएगी महाशिवरात्रि

- भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि इस दिन व्रत के साथ-साथ, शंकर भगवान का पंचामृत, दूध, दही, घी, शहद, जल से भगवान का अभिषेक किया जाता हैं।
- बेलपत्र, भांग धतूरा आक का पत्ता शिवलिंग पर अर्पित करें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

महाशिवरात्रि का त्यौहार 26 फरवरी को मनाया जाएगा और व्रत किया जाएगा। जो हर वर्ष फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। मान्यता के अनुसार फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि का पर्व शंकर भगवान और माता पार्वती के वैवाहिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन भगवान शिव ने अपना वैराग्य जीवन छोड़कर माता पार्वती के साथ वैवाहिक बंधन में बंध गए थे। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि 26 फरवरी महाशिवरात्रि पर इस बार ग्रहों का बहुत ही दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस दिन सूर्य, चंद्रमा और शनि का विशेष त्रिग्रही योग बन रहा है।

इसके अलावा ऐश्वर्य के कारक शुक्र ग्रह अपनी उच्च राशि मीन में विराजमान रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह योग सफलता और समृद्धि का प्रतीक है। महाशिवरात्रि के दिन शिव योग और सिद्ध योग का संयोग बन रहा है। इन योगों में की गई पूजा-अर्चना व्रत से मनोकामना जल्दी पूर्ण होती हैं। इसके अलावा महाशिवरात्रि के दिन अमृत सिद्धि योग का भी निर्माण हो रहा है। इस योग में किए गए कार्य और व्रत का फल कई गुना अधिक मिलता है और शिवजी की विशेष कृप्या की प्राप्ति होती है। शिवजी का आर्शीवाद मिलता है और हर मनोकामना पूरी होती है। शिवरात्रि के व्रत से कई प्रकार की मान्यता जुड़ी हुई है। ऐसा माना जाता है की जो भी कुंवारी कन्याएं इस व्रत को करती है तो उनके अच्छे वर की प्राप्ति होती है और महिलाएं करती है तो उनका वैवाहिक जीवन सुखमय होता है।

### चार पहर की पूजा विधान, ये रहेगा

राहुल भरद्वाज ने बताया की महाशिवरात्रि के दिन चार पहर की पूजा करने का विधान है। माना जाता है कि इन चार पहर में पूजा करने से मनुष्य को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। पहले पहर में दूध से दूसरे में दही तीसरे में शुद्ध देसी घी व चौथे पहर में शहद से अभिषेक किया जाता है

- ▶▶| प्रथम प्रहर पूजा-शाम 06:19 से रात 09:26 तक।
- ▶▶| दूसरा प्रहर-रात्रि 9:26 से रात्रि 12:34 तक।
- ▶▶| तृतीया प्रहर पूजा-रात्रि 12:34 सुबह 03:41 तक।
- ▶▶| चतुर्थ प्रहर पूजा-सुबह 03:41-27 फरवरी सुबह 06:48 तक।

### इस विधि से करें पूजा

भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि इस दिन व्रत के साथ-साथ, शंकर भगवान का पंचामृत, दूध, दही, घी, शहद, जल से भगवान का अभिषेक किया जाता हैं। बेलपत्र, भांग धतूरा आक का पत्ता शिवलिंग पर अर्पित करे। इस दिन शिव पंचाक्षर मंत्र ओम नमः शिवाय और महामृत्युजंय मंत्र का जप करें, शिव चालीसा, शिव पुराण, शिवजी के कोई भी स्तोत्र आते है, उनके पाठ करना चाहिए। उन्होंने बताया की अगर आसपास कोई शिव मंदिर नही हो तो आप मिट्टी का शिवलिंग बनाकर भी पूजा कर सकते है।




### डॉ. पूजा शर्मा को भारतीय राजदूत से मिला सम्मान

**नारनौल।** शहर की पुरानी मंडी निवासी डॉ. पूजा शर्मा को लिस्बन (पुर्तगाल) में भारतीय दूतावास में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत के राजदूत पुनीत आर कुंडल द्वारा अचीवमेंट सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। उन्होंने 'भारत को जानिए' क्विज में भाग लिया और भारत के बारे में अपनी जानकारी को और गहरा करने का अवसर प्राप्त किया। डॉ. पूजा शर्मा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता प्रदीप शर्मा, माता निर्मला शर्मा और बड़े भाई हरिमोहन शर्मा व आशा शर्मा को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार के सहयोग और समर्थन के बिना यह संभव नहीं था। डॉ. पूजा शर्मा के बड़े भाई हरिमोहन शर्मा ने बताया कि वर्तमान में वह कोइंब्रा यूनिवर्सिटी पुर्तगाल में रिसर्च साइंटिस्ट के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी पीएचडी की डिग्री एमएनआईटी, जयपुर से पूरी की और पिछले पांच वर्षों से पुर्तगाल की यूनिवर्सिटी में वैज्ञानिक के रूप में कार्य कर रही है। अपने पीएचडी अनुसंधान के दौरान उन्हें 16 देशों में रिसर्च करने का अवसर मिला और भास्कर स्कॉलरशिप के तहत अमेरिका (यूएसए) में भी शोध करने का मौका मिला। इस उपलब्धि पर उनके मामा अमन शर्मा जैनाबाद ने भी गर्व जताया और कहा कि डॉ. पूजा शर्मा की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है।

### सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव खेड़ी तलवाना के समीप घटित एक सड़क हादसे में बाईक सवार सहित दो व्यक्ति घायल हो गए। जिनमें से एक ने दम तोड़ दिया। इस बारे में पवन कुमार वासी खेड़ी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शुक्रवार सायं करीब सवा चार बजे अपने साथी देवेंद्र उर्फ टोनी की बाईक पर सवार होकर सेहलंग की ओर जा रहा था। देवेंद्र बाईक को चला रहा था।

**सूचना**

मैं, सन्तोष कुमार पुत्र अशवनी वासी बचीनी तह. व जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी लड़की अलीशा मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं उसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं अगर भविष्य में कोई उससे लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### एक्सिस बैंक के पास से बाइक की चोरी

**महेंद्रगढ़।** एक्सिस बैंक के पास अज्ञात चोर एक बाइक को चोरी करके ले गए हैं। कनीना निवासी सुशील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 20 फरवरी को अपनी बाइक पर सवार होकर अनाज मंडी के पास एक्सिस बैंक में निजी काम आया था। करीब आठ बजे वापिस आया तो बाइक वहां पर नहीं मिली।

### जीवन में त्रिवेणी लगाने से मिलता है पुण्य

**नारनौल।** मनुष्य के जीवन में पेड़ों की अहम भूमिका होती है। पेड़ है तो जीवन संभव है। पेड़ों को बच्चों की तरह पालना होता है। मनुष्य को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए। कैलाश चंद ढाणी बाठोठा ने महज 42 वर्ष की उम्र में 93 बड, 68 पीपल तथा 125 पौधे नीम के लगाने साथ साथ उनका लालन पालन किया है। जीवन में पीपल के पेड़ की महत्वता के बारे में जानकारी देते हुए कैलाश चंद मास्टर का कहना है कि जीवन में पीपल का पेड़ अवश्य लगाना चहिए।


कैलाश चंद।

### एसडीएम का शहर को साफ-सुथरा बनाने का आग्रह

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम अनिल कुमार यादव ने अपने कार्यालय में शनिवार को प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित की, जिसमें एसडीएम ने सभी से आग्रह किया कि वे अपने नगर को साफ-सुथरा रखने का संकल्प लेते हुए साफ-सफाई में प्रशासन का पूरा सहयोग करे और आम लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने बताया कि अभी बतौर एसडीएम का चार्ज कुछ दिन पहले ही लिया है। जल्द ही सभी विषयों को समझकर सभी का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

# छह माह बाद स्कूल सौंदर्यकरण प्रतियोगिता का परिणाम जारी दिसंबर माह में शिक्षा विभाग की ओर से मांगे गए थे आवेदन

**एक नंवबर को सम्मानित होने थे विजेता स्कूल**

- खंडस्तरीय पर विजेता स्कूल में मिलता है 50 हजार का इनाम, जिलास्तर पर विजेता स्कूल को दिया जाता है एक लाख रुपये का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


29 महेंद्रगढ़। राजकीय प्राइमरी स्कूल बलायचा। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा विभाग की ओर छह माह बाद खंडस्तरीय स्कूल सौदर्यकरण प्रतियोगिता का परिणाम जारी कर दिया है। खंडस्तर पर विजेता स्कूल जिलास्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। महेंद्रगढ़ खंड में मॉडल संस्कृति स्कूल महेंद्रगढ़, हाई स्कूल बारडा, मिडिल स्कूल पालडी पनिहारा, प्राइमरी में बलायचा विजेता रहे है। बता दें कि दिसंबर में सुंदरीकरण प्रतियोगिता के लिए आवेदन मांगे गए थे। विभिन्न सरकारी स्कूल ने आवेदन जमा कराए गए थे। आवेदन के बाद इसके लेकर टीम गठित की गई थी। उपमंडल अधिकारी को चेयरमैन बनाया गया तथा बीईओ और सीडीपीओ इसके सदस्य बनाए गए। जनवरी में इस प्रतियोगिता के लिए आवेदन किया था। दौरा करने पर अनेक मानदंडों के अनुरूप रिपोर्ट तैयार की गई, जिसके आधार पर यह निर्णय लिया गया। मंगलवार को परिणाम जारी किया गया। परिणाम में एक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उच्च विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय व माध्यमिक विद्यालय को शामिल किया गया। इस प्रतियोगिता की शुरूआत शुरूआत खंड स्तर से होती है। तत्पश्चात जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर होती है।

**प्रतियोगिता में यह विद्यालय रहे अव्वल**

वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महेंद्रगढ़ ने प्रथम, राजकीय उच्च विद्यालय बारडा ने प्रथम, राजकीय माध्यमिक विद्यालय पालड़ी पनिहारा ने प्रथम तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय बलायचा ने विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता 400 अंक की करवाई जाती है। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल को 300 अंक, राजकीय उच्च विद्यालय बारडा को 247 अंक, राजकीय माध्यमिक विद्यालय पालड़ी पनिहारा को 292 अंक और राजकीय प्राथमिक विद्यालय बलायचा को 272 अंक के साथ विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

**जिला स्तर पर मिलते हैं एक लाख**

मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण पुरस्कार योजना के तहत चार कैटेगरी में स्कूलों को पुरस्कार दिए जाते हैं। जिनमें प्राथमिक, मिडिल, हाई और सीनियर सेकेंडरी शामिल हैं। इन चारों कैटेगरी में प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर विजेता रहने वाले स्कूल को 50-50 हजार रुपये का कैश अवॉर्ड मिलता है। वहीं जिला स्तर पर विजेता रहने वाले स्कूलों को एक-एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाता है। राज्य स्तर पर प्रथम आने वाले विद्यालय को पांच लाख रुपये की राशि प्रोत्साहन स्वरूप दी जाती है।

### छह माह देरी से परिणाम हुआ है जारी

खंड स्तर पर इस योजना के अंतर्गत एक जुलाई से 31 अगस्त तक आयोजन पूर्ण करना होता है। साथ ही चयन प्रक्रिया पूर्ण करने उपरांत राशि सितंबर माह में वितरित की जाती है।एक सितंबर से 31 अक्टूबर तक स्कूल चयन की प्रक्रिया पूर्ण करके पुरस्कार राशि एक नवंबर हरियाणा दिवस पर वितरित की जानी थी। तीन वर्ष से पहले तक यह पुरस्कार 26 जनवरी को दिए जाते रहे हैं। इस वर्ष चुनाव के चलते देरी मानी जा सकती है, लेकिन आठ अक्टूबर को चुनाव प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी। गत वर्ष भी परिणाम दिसंबर-जनवरी माह तक ही जारी हुए थे।

**प्रत्याशियों द्वारा आमजन से जुडी रोजमर्रा की समस्याओं के निराकरण का दिया जा रहा आश्वासन**

# कनीना में नगर पालिका चुनाव ने पकड़ी गति

**इस चुनाव मैदान में डटे प्रत्याशियों की ओर से प्रचार अभियान तेज कर दिया**

- मतदाताओं के बीच में जाकर अपने-अपने पक्ष में वोट करने की कर रहे अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

नगर पालिका चुनाव आगामी दो मार्च को होंगे। इस चुनाव मैदान में डटे प्रत्याशियों की ओर से प्रचार अभियान तेज कर दिया है। उनकी ओर से आमजन से जुडी रोजमर्रा की बुनियादी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया जा रहा है। कनीना में 14 वार्ड के लिए 14 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां पेयजल सहित बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उपमंडल आधिकारी नागरिक द्वारा सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जाजया लिया जा चुका है। अभी तक कोई संवेदनशील बूथ नहीं बनाया गया है फिर भी जरूरत के मुताबिक सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए जाएंगें। नगर में 14 वार्डों के लिए कुल 10413 मतदाता हैं जिनमें 5376 पुरूष व 5037 महिला मतदाता शामिल हैं। चुनाव मैदान में सात महिला प्रत्याशी चेयरमैन पद व 41 प्रत्याशी वार्ड मेम्बर के रूप में डटे हुए हैं जिनके लिए मतदान होना है। दो मार्च को सुबह आठ बजे से सायं छह बजे तक मतदान होगा। सुमन देवी, सरिता सिंह, रिंपी कुमारी, कुसुमलता, संतोष देवी, सबिता देवी व सुमन सहित सात महिला उम्मीद्वार चुनाव मैदान में हैं। जिनमें मुकाबला माना जा रहा है। इसी प्रकार 14 वार्डों के मुकाबले 41 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिनकी ओर से चुनाव प्रचार किया जा रहा है। इन प्रत्याशियों में वार्ड नम्बर एक से मंजू व निर्मला दो से सुनील कुमार व दीपक सिंह तीन से उषा यादव,सुमेर सिंह व थान सिंह चार से अंजू,रेखा रानी, रेखा व प्रियंका सोनी पांच से कमल यादव, राजकुमार व पंचम यादव छह से हेमराज, संदीप कुमार व राकेश कुमार सात से उषा देवी, राजेश देवी व कमला देवी आठ से नीलम कुमारी व पूजा नो से राजेश कुमार, सजन सिंह, नितेष गुप्ता, पूनम कुमार व दीपक कुमार 10 से नितिन, योगेश व अनिल कुमार 11 से होशियार सिंह व रविंद्र कुमार 12 से राखी कुमारी, पूनम यादव व सुमन देवी 13 से ममता, प्रदीप यादव, सुबेसिंह व देशराज 14 से राजेंद्र सिंह व अनूप यादव चुनाव मैदान में है। एक, दो, आठ, 11 व 14 वार्डों में दो-दो प्रत्याशी रहने से उनमें मुकाबला माना जा रहा है।

**मनपसंद ट्रेड ना मिलना सबसे बड़ा कारण**

चुनाव अधिकारी एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि कनीना में नपा प्रधान का पद सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दो मार्च को शांतिपूर्वक मतदान के लिए सभी बंदोबस्त किए जा रहे हैं। आदर्श चुनाव आचार संहिता का हरहाल में पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12 तारीख को सुबह आठ बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में मतगणना की जाएगी।


कनीना। चुनाव संबंधित जानकारी देते एसडीएम डा. जितेंद्रसिंह अहलावत।


महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# अरावली स्कूल में क्वीज प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

अरावली इंटरनेशनल स्कूल में इंटर हाउस जीके क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सभी हाउस के बच्चो ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सभी विषयों से प्रश्न पूछे गए। विद्यालय के सभी छात्रों को तीन भाग में बांटा गया, जिसमें प्रत्येक भाग मे चार-चार छात्रों की छह टीम ने भाग लिया। इस तरह पहले भाग में एलकेजी से तीसरी कक्षा के विजेता छात्र रिहान, सोमेश, भूमिका, काव्या, दूसरे भाग में चौथी से छठी कक्षा के विजेता छात्र शिवांक, साक्षी, शिवम, मयंक, तीसरे भाग में सातवीं से 12वीं कक्षा के विजेता छात्र खुशी, दीक्षा, अंश, निशांत, प्रथम स्थान पर रहे। क्यूज प्रतियोगिता में संजय, मिनाक्षी, प्रवीण, सोनम, विपिन, हेमलता, राजबाला आदि अध्यापकों ने किया। जज की भूमिका देवेंद्र, राजेश, विकास, धीरज, सरोज ने निभाई। विद्यालय संचालक अशोक कुमार यादव ने सभी प्रतिभागी व विजेता टीम के छात्रो को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रों में मानसिक विकास होता है।

# कलस्टर हैड डॉ. ईश्वर चंद्र शर्मा ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। मिड-डे-मील चैक करते प्राचार्य डॉ. ईश्वर चंद्र शर्मा एवं अन्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाली के प्राचार्य डॉ. ईश्वर चंद्र शर्मा ने क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले अनेक स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने राजकीय माध्यमिक विद्यालय धोली का निरीक्षण किया। इस दौरान अध्यापक अपनी-अपनी कक्षाओं के विद्यार्थियों को पढ़ा रहे थे तथा अन्य कर्मी अपना कार्य कर रहे थे। प्राचार्य ने अध्यापक हाजिरी रजिस्टर चैक किया, जिसमें दो अध्यापक छुट्टी पर थे। जिनकी छुट्टी का प्रार्थना पत्र भी प्राचार्य द्वारा चैक किया। उन्होंने विद्यार्थियों की पढ़ाई का स्तर तथा मध्याह्न भोजन योजना के तहत मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता जांची और उपस्थित विद्यार्थियों से भी हर रोज मिलने वाले भोजन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित मिड-डे-मील इंचार्जों को कहा कि सरकार द्वारा जारी किए गए मेन्यू के आधार पर ही विद्यार्थियों को साफ-सुथरा और बेहतर गुणवत्ता वाला भोजन परोसें। उन्होंने अध्यापकों को निर्देश देते हुए कहा कि वार्षिक परीक्षाएं नजदीक आ रही है। इसलिए आप लग्न लगाकर पढ़ाए और पढ़ाई में कमजोर विद्यार्थियों पर अतिरिक्त समय देकर उनकी कमजोरी दूर करवाएं।

### अवैध हथियार के साथ एक आरोपित पकड़ा

**महेंद्रगढ़।** सीआईए पुलिस टीम ने थाना सदर क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित राहुल वासी निवाजनगर को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी पिस्टल बरामद किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपित से अवैध हथियार बारे पूछताछ की जा रही है।

सीआईए टीम गस्त के दौरान बस अड्डा जांजडियावास मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि राहुल वासी निवाजनगर के पास अवैध हथियार है और छाजियवास मंदिर के पास किसी के इंतजार मे खड़ा है। अगर तुरंत रैड कि जाए तो अवैध हथियार सहित पकड़ा जा सकता है।

# सांस्कृतिक छटा के बीच मना यदुवंशी स्कूल का कार्यक्रम

- यदुवंशी शिक्षा निकेतन में सम्मान समारोह का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में शनिवार को जूनियर विंग का सांस्कृतिक कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों की भागीदारी सराहनीय रही। कार्यक्रम में डॉ. राजीव यादव एमएस (आर्थो) व यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश व मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना व सरस्वती वंदना के साथ किया। समारोह की परंपरानुसार सभी आगंतुकों को बैज एवं पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद स्वागत गीत के माध्यम से उपस्थित अतिथियों व आगंतुकों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में फ्री शिक्षा, खुला आसमान स्कीम के तहत यदुवंशी के सदस्य बनने वाले नए विद्यार्थियों को महत्व दिया गया। मंच पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एकल गीत, समूह नृत्य, देशभक्ति गीत, कविता, राजस्थानी नृत्य, पंजाबी नृत्य आदि के माध्यम से विद्यार्थियों ने समां बांधा।

प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि आज के सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मंच पर नीडर होकर प्रस्तुतियां देने के लिए प्रेरित करना था, जिससे उनके मंच फोबिया को दूर किया जा सके। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ आत्मविश्वास और कलात्मकता से भी सशक्त बनाना है। यदुवंशी ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव ने कार्यक्रम में आए हुए अभिभावकों एवं उपस्थित लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यदुवंशी स्कूल ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में भी नई पहचान बनाई है। फाउंडर डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने से व्यक्तित्व कौशल एवं आत्मविश्वास की भावना बढ़ती है। विद्यार्थी द्वारा किसी प्रतियोगिता या किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेना उनके सर्वांगीण विकास में सहायक है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव ने बताया कि किसी भी कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य मनोरंजन ही नहीं होता, बल्कि सभी छात्र-छात्राओं की रूचियों और प्रगति का लेखा-जोखा जानना होता है।

# कनीना में 8 मार्च को लगेगी लोक अदालत

- दोनों पक्षों की सहमति से केस का निपटारा करा सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के मार्गदर्शन में आगामी आठ मार्च को न्यायिक परिसर कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। कनीना बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट सुनील यादव रामबास ने बताया कि आठ मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से केस का निपटारा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में वैवाहिक विवाद, अपराधिक मामले जो की मिश्रित हों, भूमि अधिग्रहण मामले, बैंक रिकवरी मामले, पेंशन मामले, एमवी तथा एनआई एक्ट सहित उपभोक्ता शिकायत मामले, बिजली मामले, टेलीफोन बिल विवाद, अन्य दीवानी मामले जैसे विभाजन, कब्जे के मामले से संबंधित, किराया संबंधी मामले, इजमेंट्री का अधिकार व कॉन्ट्रैक्टस संबंधी मामले निपटारे के लिए रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में हिस्सा लेकर केसों का निपटारा करवा सकते हैं।

# मुख्यालय से आई उच्च अधिकारियों की टीम ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई, 472 गाड़ियां चैक की, 11 वाहन पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। खनन विभाग की टीम द्वारा पकड़े गए वाहन।

खनन विभाग की पंचकूला मुख्यालय से आई उच्च अधिकारियों की टीम ने खनिज के अवैध खनन व उसके अवैध परिवहन को लेकर दूसरे दिन भी छापेमार कार्रवाई जारी रखी। खनन विभाग के महानिदेशक केएम पाण्डुरंग के दिशा-निर्देशन में गठित संयुक्त टीम में राज्य भू-वैज्ञानिक दीपक हुड्डा, राजेश गांगवान सहायक खनन अभियन्ता, ओमदत्त शर्मा खनन अधिकारी व अरुण कुमार खनन निरक्षक व मोहित सर्वेयर ने रात भर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर आठ वाहनों को रोडी व डस्ट के अवैध परिवहन के मामले में पकड़ा। सभी को मौके पर एनफोर्समेंट एसएचओ देवेन्द्र कुमार को बुलाकर आगामी कार्यवाही कर थाने में खड़ा किया गया।

मुख्यालय से आई टीम की इस औचक छापेमारी के फलस्वरूप अवैध खनन करने वालों में हड़कम्प मचा हुआ है। राज्य भू-वैज्ञानिक दीपक हुड्डा के नेतृत्व में की जा रही कार्यवाही के संबंध में महानिदेशक को भी अवगत करवाया गया है।

# राजकीय महाविद्यालय में लगाया एनएसएस का शिविर

हरिभूमि न्यू ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। श्रमदान करते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में समाज सेवा की भावना को विकसित करना और उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना संयोजक प्रो. सोमवीर सिवाच ने किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों की जानकारी दी और इसके ऐतिहासिक परिप्रेक्षय पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रोफेसर सिवाच ने स्वयंसेवकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया और स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रतीकात्मक रूप से सफाई अभियान चलवाया। उन्होंने इस अभियान में भागीदारी निभाकर स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अशोक कुमार और प्रो. पविता यादव ने भी स्वयंसेवकों को प्रेरित किया।

**आरोप** **पुलिस व मार्केटिंग कमेटी को सीसीटीवी फुटेज देने के बावजूद बरामद नहीं हुई सरसों**

# मंडी से सरसों चोरी होने के विरोध में व्यापारियों ने गेट पर ताला जड़कर किया प्रदर्शन

- टीनशेड के नीचे से शुक्रवार रात्रि को सरसों के 12 कट्टे चोरी होने के विरोध में व्यापारियों में पना आक्रोश, बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली


मंडी अटेली। मंडी गेट पर ताला जड़ते व्यापारी। *फोटो : हरिभूमि*


मंडी अटेली। विरोध स्वरूप धरना देते व्यापारी। *फोटो : हरिभूमि*

अटेली अनाज मंडी में नपा चेयरमैन प्रत्याशी भूपेश गुप्ता व्यापारी के कवर टीनशेड के नीचे से शुक्रवार रात्रि को सरसों के 12 कट्टे चोरी होने के विरोध स्वरूप मंडी के मेन गेट को ताला लगा दिया और धरना-प्रदर्शन पर बैठ गए। व्यापारियों का कहना है कि मंडी में अनेक बार उनके कट्टे आदि चोरी हो चुके हैं। पुलिस व मार्केटिंग कमेटी को सीसीटीवी फुटेज आदि देने के बावजूद चोरी बरामद नहीं हुई हैं। इससे व्यापारियों में पुलिस व मार्केट कमेटी के प्रति रोष व्याप्त है। आढ़तियों ने धरना सुबह साढ़े नौ बजे शुरू कर दिया, जो मार्केट कमेटी व पुलिस द्वारा ठोस आश्वासन देने पर धरना-प्रदर्शन शांत किया गया। युवा आढ़ती अनिल दुघड़िया ने बताया कि अटेली अनाज मंडी के दुकान न. 89 के व्यापारी भूपेश गुप्ता के कवर शेड में रखे 12 सरसों के बैग चोरी हो गए। इससे पहले भी अनेक आढ़तियों के सरसों, गेहूं व बाजरा आदि के बैग चोरी हो गए हैं, लेकिन अभी तक उनकी बरामदगी नहीं हुई। पुलिस को अनेक बार सीसीटीवी की फुटेज देने के बाद भी किसी प्रकार के माल की बरामदगी नहीं हुई है। युवा व्यापारी ने बताया कि भूपेश गुप्ता अटेली नपा चेयरमैन का प्रत्याशी अपने चुनाव में व्यस्त हैं। सरसों को रेट छ हजार रुपये क्विंटल चल रहा है। व्यापारी के इस चोरी होने से कम से कम 36 हजार रुपये का नुकसान हो गया है। धरने पर बैठने वालों में अनिल दुघड़िया, हरीश कुमार, प्रधान संजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, डिंपी सेठ, नरोतम यादव, रामशरण, अशोक कांटीवाल, नवीन, भूनेश व देवेंद्र आदि व्यापारी धरने पर बैठे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005